दिनांक : 16/05/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रात:कालीन समाचार

सबसे पहले इस बुलेटिन के मुख्य समाचार,

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच देशों के दौरे का दूसरा पड़ाव - नीदरलैंड्स, भारत की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संयुक्त अरब अमीरात से हुए कई समझौते
- सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस पर गंगटोक पहुंचेंगे उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन
- भोजशाला मामले में हाईकोर्ट के फैसले का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया स्वागत, बोले- ब्रिटेन से वापस लाएंगे मां वाग्देवी की प्रतिमा

**और**

- प्रदेश में गर्मी का कहर जारी। मौसम विभाग ने आज 37 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया

अब समाचार विस्तार से---

## पीएम मोदी - नीदरलैंड्स

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात के बाद नीदरलैंड्स पहुंच गए हैं. यहां एम्स्टर्डम में विदेश मंत्री टॉम बेरेंडसन ने उनका स्वागत किया। यहां के बाद पीएम स्वीडन, नॉर्वे और इटली भी जाएंगे। प्रधानमंत्री नॉर्वे में तीसरे भारत-नॉर्डिक शिखर सम्मेलन में पांच देशों के प्रमुखों से मुलाकात करेंगे। कल श्री मोदी ने यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद से मुलाकात की थी। दोनों नेताओं के बीच रक्षा, ऊर्जा और इंफ्रास्ट्रक्चर सहयोग के साथ-साथ 5 अरब डॉलर के निवेश पर सहमति बनी है।

## सिक्किम स्थापना दिवस

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन पदभार संभालने के बाद आज पहली बार सिक्किम जाएंगे। गंगटोक में राज्य स्थापना दिवस समारोह में वे मुख्य अतिथि होंगे। राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर, मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे। सिक्किम आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। 1975 में राजशाही खत्म होकर यह भारत का 22वां राज्य बना था।

**सीएम- भोजशाला**

धार की भोजशाला पर हाईकोर्ट के फैसले का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कोर्ट ने भोजशाला को मां वाग्देवी की आराधना स्थली माना है। डॉ. यादव ने कहा कि अब श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना का पूरा अधिकार मिलेगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा को वापस भारत लाने के प्रयास किए जाएंगे।

**समीक्षा बैठक**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल मंत्रालय में समीक्षा बैठक लेकर कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश के सरकारी दफ्तरों में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू किया जाए। उन्होंने स्वामित्व योजना के तहत जमीन की रजिस्ट्री महिलाओं के नाम पर करने और ग्रामीणों को मुफ्त पट्टे देने का अभियान चलाने के निर्देश दिए। डॉ. यादव ने गांवों में स्कूल, खेल मैदान और बेहतर सुविधाएं देकर शहरों की ओर पलायन रोकने पर जोर दिया।

**पटाखा फैक्ट्री अग्निकांड**

देवास के टोककला में पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट की जांच के लिए राज्य सरकार ने न्यायिक आयोग बनाया है। हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुभाष काकड़े इस एकल सदस्यीय आयोग की अध्यक्षता करेंगे। आयोग घटना से जुड़े 5 बिंदुओं

की गहन जांच करेगा और एक महीने के भीतर जांच रिपोर्ट राज्य सरकार को सौंपी जाएगी।

**मेड इन इंडिया**

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने युवा उद्यमियों अपर्णा और दिनेश से मुलाकात की. ये युवा उद्यमी रोडा नोट्स के संस्थापक हैं। उन्होंने कहा कि भारत में बने कागज के उत्पाद गुणवत्ता, कार्यक्षमता और टिकाऊपन में बेहतरीन हैं। मंत्री ने सोशल मीडिया पर लिखा कि अच्छी स्टेशनरी हमेशा से उनके दिल के करीब रही है

**सीएम- नर्मदा चिंतन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कल शाम भोपाल के रवींद्र भवन में नर्मदा चिंतन संगोष्ठी में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण में प्रदेश देश का अग्रणी राज्य है। गुड़ी पड़वा से शुरू हुआ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलेगा। अभियान के तहत कुएं, बावड़ियां और तालाबों को फिर से उपयोगी बनाने का काम जारी है। मुख्यमंत्री ने सामाजिक कार्यों में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को समर्थ नर्मदा अलंकरण से सम्मानित किया।

**NEET परीक्षा**

3 मई को पेपर लीक होने के कारण रद्द हुई नीट यूजी परीक्षा अब 21 जून को दोबारा होगी। इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है। शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के घर पर उच्च स्तरीय बैठक में परीक्षा की तैयारियों की समीक्षा की गई। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजकर 15 मिनट तक होगी।

**CBSE रिजल्ट**

सीबीएसई ने 12वीं के नतीजों से असंतुष्ट छात्रों के लिए दो चरणों में समीक्षा की सुविधा दी है। पहले चरण में 19 से 22 मई के बीच 700 रुपये प्रति विषय शुल्क देकर उत्तर पुस्तिका की स्कैन कॉपी मांगी जा सकती है। दूसरे चरण में 26 से 29 मई के बीच गलती के सत्यापन या पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन किया जा सकता है। सभी आवेदन ऑनलाइन जमा करने होंगे और हर चरण में सिर्फ एक आवेदन मान्य होगा।

**गेहूं खरीदी**

प्रदेश में अब तक 11 लाख 54 हजार से ज्यादा किसानों से 80 लाख 90 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीदा जा चुका है। किसानों को इसके लिए 9 हजार 522 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया जा चुका है।

**कृषक कल्याण वर्ष**

प्रदेश सरकार ने कृषक कल्याण वर्ष-2026 के तहत 1 लाख 32 हजार हेक्टेयर में उद्यानिकी फसलें बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। सब्जी में 54 हजार, मसाला फसलों में 56 हजार और फलों में 18 हजार हेक्टेयर क्षेत्र बढ़ाया जाएगा। किसानों को ड्रिप सिंचाई, पॉली हाउस और आधुनिक तकनीक की मदद दी जाएगी।

**पीएम आवास योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना में प्रदेश ने देशभर में पहला स्थान हासिल किया है। प्रदेश में 10 लाख से ज्यादा घर स्वीकृत हो चुके हैं। वहीं 98 फीसदी से अधिक घरों का निर्माण शुरू हो गया है। 9 लाख से ज्यादा घर बनकर तैयार हो चुके हैं और लोगों को सौंपे जा चुके हैं।

**मंडला- आदि उत्सव**

मंडला जिले के रामनगर में दो दिवसीय आदि उत्सव का आज दूसरा और आखिरी दिन है। कल केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओरांव ने इस उत्सव का शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जनजातीय संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का बड़ा मंच है।

**सम्राट विक्रमादित्य अंतरराष्ट्रीय सम्मान**

प्रदेश सरकार ने सम्राट विक्रमादित्य के नाम पर एक करोड़ एक लाख रुपये का अंतरराष्ट्रीय सम्मान स्थापित किया है। इसके साथ 21 लाख का राष्ट्रीय सम्मान और पांच-पांच लाख के तीन शिखर सम्मान भी दिए जाएंगे। न्याय, सुशासन, कला, शौर्य और समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने वाले देश-विदेश के लोग और संस्थाएं आवेदन कर सकती हैं। नामांकन की आखिरी तारीख 20 मई 2026 है। awards.mvspujjain.com पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

**विश्व कप**

मध्य प्रदेश राज्य बॉक्सिंग एकेडमी की बॉक्सर माही लामा माही लामा ने वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह पक्की कर ली है। एनआईएस पटियाला में हुए ट्रायल में उन्होंने दो मुकाबले जीते।

**आईपीएल**

आईपीएल में कल लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 7 विकेट से मात दी। आज शाम साढ़े सात बजे ईडन गार्डन्स में केकेआर और गुजरात टाइटन्स के बीच मुकाबला होगा।

**मौसम**

प्रदेश में गर्मी का कहर जारी है। कल खंडवा में सबसे ज्यादा 45.1 डिग्री तापमान दर्ज हुआ और 12 शहरों में पारा 43 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने आज 37 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही इंदौर, उज्जैन, रतलाम, धार और देवास के लिए तेज लू का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर, उज्जैन और मंडला में रात को भी गर्मी से राहत नहीं मिलेगी।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में.......**

1- **इंदौर** में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गांव-गांव जल संरक्षण के काम हो रहे हैं।
2- **झाबुआ** कलेक्टर ने पद्मश्री लोक कलाकार रमेश परमार और शांति परमार की कार्यशाला का भ्रमण किया।
3- **धार** में तीन दिवसीय 11वें पद्मश्री फड़के संगीत समारोह का शुभारंभ कल शाम विक्रम ज्ञान मंदिर लालबाग परिसर में हुआ।
4- **पन्ना** में न्यायिक मजिस्ट्रेट ने शहर के वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण किया।
5- **खंडवा** में शनिचरी अमावस्या पर हजारों श्रद्धालु मां नर्मदा में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं।
6- **आगर-मालवा** के सुसनेर में युवा संगम रोजगार मेले में 33 युवाओं का प्रारंभिक चयन हुआ।
7- **अशोकनगर** में संपर्क अभियान के तहत बिजली संबंधी सेवाओं के लिए घर-घर शिविर लगाए जा रहे हैं।
8- **भोपाल** में मध्य प्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी ने 72 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति प्रस्ताव जारी किए।

इस बुलेटिन में इतना ही, अगला बुलेटिन सुनिए दोपहर दो बजकर 10 मिनिट पर, नमस्कार